दिनांक : 23 .05.2025

समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- प्रदेश के 6 रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन के रूप में हुए उन्नत, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का जताया आभार।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में करेंगे लोगों से अपने विचार साझा।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र में पदयात्रा करेंगे।
- भोपाल सहित कई जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर जारी।

अमृत भारत स्टेशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल राजस्थान से देश के 103 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन किया। इसमें प्रदेश के नर्मदापुरम, सिवनी, श्रीधाम, ओरछा, कटनी साउथ और शाजापुर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदापुरम से इस कार्यक्रम में जुड़े उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शी सोच की बदौलत भारतीय रेल को नया स्वरूप मिला है। आजादी के बाद नैरोगेज से ब्रॉड गैज तक आने में रेलवे को 100 साल लग गए। लेकिन पिछले 11 साल में देशभर में हजारों किलोमीटर लंबे ट्रैक को 3 और 4 लेन रेलवे लाइन बनाया गया है। अब मध्यप्रदेश में आधुनिक रेल कोच भी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमृत स्टेशन देश के 'विकास का प्रवेश द्वार' सिद्ध होंगे। यह पहल प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शिता और विकसित भारत की परिकल्पना का एक और जीवंत प्रमाण है।

प्रदेश के इन छह स्टेशनों के पुनर्विकसित होने से लोगों में प्रसन्नता है। ओरछा स्टेशन पर एक यात्री पारिक्षत यादव ने कहा कि सुविधाएं बढ़ गई हैं।

एक अन्य यात्री धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि यहां स्टेशन पर संस्कृति के अनुरूप काम किया गया है।

उप राष्ट्रपति-दौरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 26 मई को प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। उप राष्ट्रपति नरसिंहपुर में होने वाले कृषि उद्योग समागम का शुभारंभ करेंगे। "कृषि उद्योग समागम 2025" का आयोजन मध्यप्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश आकर्षित करने, और किसानों को बेहतर बाजार से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। यह समागम उद्योगपतियों, कृषक उत्पादक संगठनों एवं नीति निर्माताओं के बीच संवाद, नीति प्रस्तुति एवं सहयोग के अवसर प्रदान करेगा।

पीएम मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। लोग अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। वे अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जी ओ वी ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं।

उच्च न्यायालय-मुख्य न्यायाधीश

जस्टिस संजीव सचदेवा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाए गए हैं। इस संबंध में कल देर शाम अधिसूचना जारी कर दी गई है, जो कि 24 मई से प्रभावी होगी। गौरतलब है कि निवर्तमान चीफ़ जस्टिस सुरेश कुमार कैत आज सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

वीरता पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह के पहले चरण में सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान किए। इनमें छह कीर्ति चक्र और 33 शौर्य चक्र शामिल हैं। वीरता पुरस्कार कर्मियों को कर्तव्य के दौरान अदम्य साहस और अद्वितीय बहादुरी के लिए दिए गए।

पद यात्रा-शिवराज सिंह

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 25 मई से अपने विदिशा संसदीय क्षेत्र में पदयात्रा प्रारंभ कर रहे हैं। यह पदयात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह पदयात्रा निरंतर चलेगी और प्रारंभ में विदिशा संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में यात्रा निकलेगी। तत्पश्चात, देश के अन्य लोकसभा क्षेत्रों में भी शिवराज सिंह पदयात्रा निकालेंगे।

राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा कार्यक्रम में अब बारी है आपकी प्रतिक्रिया सुनने की। आईये सुनते हैं बालाघाट से आरती पंडित और शहडोल से डॉ.सरिता सलील का संदेश।

आप भी इस कार्यक्रम में अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्सप नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035।

मौसम

भोपाल सहित कई जिलों में कल देर शाम तेज आंधी के साथ बारिश हुई। एक घंटे में करीब एक इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर समेत 35 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

तिरंगा यात्रा

भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाने के लिए ‘भारत शौर्य तिरंगा यात्रा ‘ प्रदेश में निकाली जा रही है। कल कटनी के विजयराघवगढ़ नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। अनूपपुर और बैतूल में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई।

आईपीएल-क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल रात लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुजरात टाइटंस को 33 रन से हरा दिया। अहमदाबाद में, पहले बल्लेबाज़ी करते हुए लखनऊ की टीम ने 20 ओवर में दो विकेट पर 235 रन बनाए। जवाब में, गुजरात की टीम 202 रन ही बना सकी। लखनऊ में आज शाम रॉय़ल चैलेंजर्स बैंगलुरू और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल उज्जैन में कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर अहिल्या बाई होलकर महानाटय जीवन, अवदान और वैभव का गान के मंचन कार्यक्रम में शामिल हुए।
- रायसेन की पर्वतारोही अंजना यादव मलेशिया में माउंट किन्ना वालू की 13 हजार फीट ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराएगी आज होंगी रवाना।
- भोपाल के भेंसाखेड़ी में कल रात तेज रफ्तार कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कुछ गंभीर रूप से घायल हो गए।

- खंडवा नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा कल दुकानदारों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने पर एवं प्लास्टिक पैकिंग खाद्य सामग्री विक्रय किए जाने पर जप्ती की कार्यवाही की गई।

-------